हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 17 जून 2024


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री


13 रावन में पांच दिवसीय योग शिविर जारी 70 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग





14 बाइक ट्रक की चपेट में आई, एक युवक की मौत, दूसरा हुआ घायल






## खबर संक्षेप

### थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**भाटापारा।** एसडीएम की उपस्थिति पर सोमवार को बकरी ईद के पहले शहर के जनप्रतिनिधि, मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन व मीडियाकर्मी के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की गई। नगर में व्यवस्था स्थापित करने के लिए सभी से सहयोग मांगा गया। बैठक में प्रमुख रूप से एसडीएम ,नगर पालिका प्रमुख अधिकारी व तहसीलदार,यातायात थाना प्रभारी व नगर थाना प्रभारी के उपस्थिति में यह बैठक आयोजित हुई और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

### जमीन संबंधी बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा थाना के ग्राम गौरिया में जमीन संबंधी बात को लेकर तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। पुलिस को रंजीत भोई पिता बहादुर भोई (30 साल) ने बताया कि गांव के जनेक बारिक के घर में जमीन संबंधी बात को लेकर आरोपी कंगालू यादव, भुनेश्वर यादव और मनसाराम यादव ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस बताया कि घसियाराम छत्तर पिता चंद्रमणि छत्तर (45 साल) निवासी जामपाली सरायपाली रोड एक्सीडेंट में घायल हो गया था, जिसे तुमगांव शासकीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच विवेचना में लिया है।

### जलने से महिला की मौत

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में एक महिला ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। तुमगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोली की राधाबाई ढीमर पति राधेश्याम (55 साल) ने खुद के ऊपर डीजल डालकर आग लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम जांच विवेचना में लिया है।

### युवक ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि दयाशंकर ध्रुव पिता महेश ध्रुव (25 साल) ने अज्ञात कारणों से अपने मकान में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आबकारी अधिकारियों एवं उपनिरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में आंशिक संशोधन

**महासमुंद।** जिले में आबकारी राजस्व की सुरक्षा, उपलंभन कार्य, आबकारी अपराधों के नियंत्रण एवं प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उप निरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में आंशिक संशोधन करते हुए आबकारी वृत्तों, मदिरा दुकानों एवं आबकारी जांच चौकिया से संबंधित प्रभार के कार्य संपादन के लिए आगामी आदेश पर्यंत तक अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की गई है। जिसमें शिव शंकर नेताम आबकारी उप निरीक्षक को मद्य भांडागार महासमुंद, दरस राम सोनी आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त सरायपाली, आबकारी जांच चौकी खम्हारपाली तथा हृदय कुमार तिरपुड़े आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त महासमुंद आंतरिक का प्रभार सौंपा गया है। महासमुंद जिले में समस्त वृत्त प्रभारी अधिकारी अपने वृत प्रभाव क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा संचालित मदिरा दुकानों के प्रभारी अधिकारी रहेंगे।

# विश्व के प्रथम छंदबद्ध भारत का संविधान पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विश्व के प्रथम छंदबद्ध भारत का संविधान में मूल संविधान के 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित 12 अनुसूचियाँ ,जो 2110 दोहे, 422 रोला, 24 अन्य छंदबद्ध कालजयी काव्य ग्रंथ समाहित है। शनिवार को भव्य पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह हिंदी भवन विष्णु दिगम्बर मार्ग नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. श्याम सिंह मुख्य अतिथि मिनाक्षी लेखी आदि उपस्थित थे। विश्व का प्रथम छंदबद्ध भारत का संविधान पुस्तक ही नहीं अपितु एक ग्रंथ है। इसमें भटगांव अंचल के युवा कवि डिजेन्द्र कुर्रे रोला में छंदबद्ध किया है। यह पुस्तक गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के दर्ज हुई है। उनको गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, बुक भेंट कर सम्मानित किया गया।

**खास बातें**

- सम्मानित किए गए डिजेन्द्र
- दिल्ली में आयोजित किया गया कार्यक्रम
- 18 राज्यों के अलावा चार देशों के साहित्यकार, 14 वर्ष के बालक भी हुए शामिल



### 142 से अधिक लोगों ने किया काम

भारत के 18 राज्यों के अलावा चार देशों के साहित्यकार के अलावा 14 वर्ष के बालक शामिल हुए। इस काव्य में 142 सदस्य, त्रिसंपादक मंडल जिसमें प्रमुख संपादक डॉ ओंमकार साहू मृदुल, सह संपादक डॉ सपना दत्ता सुहासिनी, सह संपादक डॉ मधु शंखधर जन जागरण समिति प्रेमनगर के अध्यक्ष डॉ रूपेश साहू जी के अथक प्रयास से यह छंदबद्ध भारत का संविधान गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।

### पुलिस की लापरवाही : असामाजिक तत्वों व चोरों के हौसले बुलंद

# एक ही रात में पांच दुकानों के ताले टूटे, नकद सहित सामान ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के व्यस्तम हटरी बाजार में बीती रात चोरों ने पांच दुकानों का ताला तोड़कर नकद व अन्य सामान को पार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि थाने में आवेदन लिया जाता है, लेकिन चोर अब तक नहीं पकड़ गए हैं।

लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कार्य, मारपीट की वारदात करने वाले असामाजिक तत्व एवं चोरों के हौसले काफी बुलंद है। पुलिस प्रशासन का तनिक भी भय इन पर होता नजर नहीं आ रहा है । आम आदमी ऐसे असामाजिक तत्वों से काफी परेशान एवं अपने आप को असहाय महसूस करने लगे हैं । इधर चोरी को अंजाम देने में चोर भी पीछे नहीं है इसीलिए पिछले महीने भर से भाटापारा नगर के अति व्यस्तम हटरी बाजार में स्थित दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी के वारदात को लगातार भयमुक्त होकर चोरों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन उक्त चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। साथ ही प्रार्थी द्वारा थाने में सूचना देने पर उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। थाने में खानापूर्ति के नाम पर सादे कागज पर आवेदन दे दो कहकर चलता दिया जाता है। वैसे तो नगर के चाहे वह कॉलोनी के घर हो ,गली मोहल्ले की दुकानें हो आए दिन चोरी की वारदातें हो रहीं हैं। हटरी बाजार स्थित दुकानों में आए दिन शटर के ताले टूट रहे हैं। बीती रात हटरी बाजार स्थित चार से पाँच सब्जी दुकानों के ताले तोड़कर गल्ले में रखी नकदी व सामानों को चोरों ने पार कर दिया है।

**पुलिस आवेदन लेकर चलता कर रही थाने से, हटरी बाजार में चोरी की वादरातों लगातार हो रही इजाफा**

#### चोरी की वारदातें बढ़ी

इस मामले पर हटरी बाजार किराना संघ के अध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया का कहना है कि पिछले महीनेभर से हटरी बाजार में चोरी की वारदात बढ़ी है। शिकायत करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे चोरी को अंजाम देने वालों के हौंसले बुलंद है। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि पुलिस प्रशासन आम नागरिकों की जन – धन की सुरक्षा के लिए होती है। इनकी कार्यशैली पर अब शंका होने लगी है,अब हमारी सुरक्षा एवं व्यवसाय भगवान भरोसे है।



#### शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

सब्जी विक्रेता समीर साहू ने बताया की उनकी दुकान से 11 – 12 हजार नकदी रकम की चोरी कर ली गई है। ठीक उसी प्रकार सब्जी विक्रेता लल्लू साहू ,छोटू पटेल के दुकानों से भी हजारों नकदी रकम की चोरी कर ली गई है । इसी तरह चोरों द्वारा हटरी बाजार स्थित मोहम्मद मेराज की कपड़े के दुकान से 32 हजार रुपए के कपड़े के साथ-साथ नकद 9000 रुपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। इसके कुछ दिन पहले यहीं पर स्थित किराना दुकान एवं बीज भंडार पर भी चोरों ने अपना कारनामा को अंजाम दिया था। जिसका अभी तक पुलिस प्रशासन पता नहीं कर पाई है। उक्त दुकानदारों का कहना है की हमारे द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। यही कारण है कि इसी स्थान पर आए दिन चोरों द्वारा अपने वारदात को अंजाम दिया जाता है ।

## बाइक से चार किलो गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पुलिस ने एक बाइक चालक से चार किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 40 हजार रुपए से अधिक बताया जा रहा है। पुलिस ने गांजा तस्कर कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि गिधौरी से होकर जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ की ओर से अभी कुछ दिनों में तस्करों द्वारा गांजा ले जाया जाने वाला है। सूचना पर थाना गिधौरी पुलिस को मिलने पर सड़क मार्ग में लगातार निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में लगातार पेट्रोलिंग कर निगाह रखा जा रहा था। इसी बीच सूचना मिली कि शनिवार की सुबह बाइक के माध्यम से गांजा लेकर एक तस्कर आने वाला हैं। सूचना पर निरीक्षक के नेतृत्व में गिधौरी पुलिस टीम द्वारा शनिवार को सुबह गिधौरी बस स्टैंड में नाकाबंदी किया गया।

- पुलिस ने नाकेबंदी कर पकड़ा
- जब्त गांजे का बाजार मूल्य 40 हजार बताया जा रहा



इसी बीच पुलिस टीम द्वारा बाइक में सवार एक वाहन चालक आरोपी सूरज कुमार पिता राजकुमार साहू उम्र 21 वर्ष निवासी अकलतरा को रोका गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटरसाइकिल का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। मोटरसाइकिल प्लेटिना क्र.सी जी 10 ए जे 5106 में तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में 4 पैकेट में बंधा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मोटरसाइकिल में मिले 'गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई कराई गई। कुल 4 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 40,400 ▶▶ शेष पेज 11 पर

## रायपुर-भाटापारा के बीच रेलवे टिकट चेकिंग, 86 हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रेलवे मजिस्ट्रेट ने भाटापारा-रायपुर के बीच शुक्रवार को स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह के साथ में टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद के साथ-साथ 5 वाणिज्य निरीक्षक, 21 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल हुए। साथ ही 3 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 4 जीआरपी स्टाफ मजिस्ट्रेट कार्यालय के स्टाफ भी शामिल थे। टिकट चेकिंग अभियान में गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस में रायपुर से भाटापारा के मध्य एवं गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा- मुंबई मेल में भाटापारा से रायपुर एवं रायपुर स्टेशन पर चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 165 मामलों से 86740 रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त किया।

- रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चलाया गया अभियान



## शांति समिति की बैठक में ईद सौहाद्रपूर्वक मनाने अपील की

**सिमगा।** थाना परिसर में रविवार को तहसीलदार एवं थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक आयोजित किया। अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित नागरिकों से सोमवार को मुस्लिम समाज द्वारा मनाए जाने वाले बकरीद को शांतिपूर्वक मनाने अपील किया। इस दौरान बताया गया कि सुबह 7 बजे समाज के लोग जामा मस्जिद में एकत्रित होंगे। जुलूस की शक्ल में बिलासपुर रोड स्थित ईदगाह मैदान पहुंच कर नमाज अदा करेंगे। तहसीलदार श्री दुबे ने उपस्थित लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने उनकी राय जानी तथा भाईचारे के साथ सौहाद्रपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी असामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव करने का प्रयास किया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# माहेश्वरी समाज ने नगर में वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्र उत्थान तथा धर्मसेवा के क्षेत्र में अग्रणी माहेश्वरी समाज द्वारा शनिवार को वंशोत्पति दिवस नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह गंगेश्वर महादेव मंदिर में समाज की सभी महिलाएं, पुरुष बच्चों के साथ विधिविधानपूर्वक बाबा भोले शंकर का रूद्राभिषेक करने के साथ गणेश वंदना की गई। जिला चिकित्सालय पहुंचकर सिविल सर्जन डॉ. अवस्थी की मौजूदगी में मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम नत्थानी, अरुण माहेश्वरी, महेंद्र भट्टर, ▶▶ शेष पेज 11 पर

- मरीजों को फल का वितरण किया गया





#### समाज के लिए यह दिन धर्म और गौरव का

प्रचलित मान्यता एवं धर्मग्रंथ के अनुसार भगवान महेश और माता पार्वती द्वारा ज्येष्ठ शुक्ल नवमीं के दिन ऋषियों के श्राप से पत्थरवत हुए लोगों मुक्त कर अपना नाम दिये जाने से माहेश्वरी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल नवमी का महेश नवमीं के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान महेश यानि बाबा भोले शंकर व माता पार्वती की आराधना करते हुए माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान में शामिल हुए कलेक्टर

# सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों में रखें साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर के सभी सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सरसींवा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सफाई अभियान में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू शामिल हुए।

गौरतलब है कि आगामी 18 जून से नये सत्र की कक्षाएं प्रारंभ होंगी, जिसके मद्देनजर जिले के सभी स्कूलों में वृहद् सफाई अभियान चलाया गया।

कलेक्टर साहू ने सरसींवा स्थित स्कूल परिसर का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कंप्यूटर कक्ष, मध्यान्ह भोजन कक्ष, स्टाफ रूम एवं अन्य कक्षाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही छात्रों को वितरण किए जा रहे स्कूली किताबों के बारे में जानकारी ली। साथ ही मध्यान्ह भोजन में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा एवं किचन शेड की अच्छे से साफ सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी नागरिक को कहा कि जिस तरह अपने घर का साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हैं, उसी तरह सार्वजनिक स्थानों, अपने- अपने स्कूलों में एवं कार्यालयीन क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें।

- स्कूल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



#### ये भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, बिलाईगढ़ जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू, स्कूल का समस्त स्टाफ, स्वसहायता समूह की महिलाएं सहित मीडिया के साथी उपस्थित थे।

## 150 रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

**भाटापारा।** सर्वधर्म रक्तदाता सेवा संस्थान ने 14 जून विश्व रक्तदान दिवस को नगर भवन में समारोह आयोजित कर रक्तदाताओं का सम्मान किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक थे। ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ. अशोक वर्मा, संतोष पाण्डेय, सुधीर सोनी, रामशरण सिंह ठाकुर ,सर्वधर्म रक्तदाता समूह के संरक्षक विवेक राज सिंह ठाकुर ,अध्यक्ष आनंद कुर्रे , नवीन शुक्ला ,रितेश शर्मा,प्रखर शर्मा ,कुणाल वर्मा ,साहिल कुर्रे , किमेश साहू,भूपेंद्र साहू, दीपक कन्नोजे, ज्ञानेश्वर , नितिन ,दमन , आशीष,रोशन, चौहान , समीर आदि सदस्य उपस्थित थे। समारोह में 150 लोगों का सम्मान संस्था द्वारा किया गया।


**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### कुनबी समाज की महापंचायत आज

**रायपुर।** कुनबी समाज महासंगठन छग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करने महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 16 जून को सुबह 11 से प्रारंभ होगा। कुनबी समाज के प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में समाज की सभी जिला शाखाओं के अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी उपस्थित होकर अपने जिले की गतिविधियों की जानकारी देंगे। कुनबी समाज ने बीते वर्ष में पौधारोपण, महिला दिवस, हल्दी कुमकुम, विवाह समारोह, पालिथीन मुक्त दिवस कार्यक्रम, छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह आदि का आयोजन किया था। महापंचायत कार्यक्रम के माध्यम से इन आयोजन के विशेष प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर में यादव समाज के युवाओं ने लिया भाग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। इस अवसर पर मेकाहारा स्थित मॉडल ब्लड बैंक के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सहायता से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वर्ग और शाखाओं के यादव समाज के युवाओं ने भाग लिया और रक्तदान कर 11 यूनिट ब्लड संग्रहित किया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक 85 वर्षीय श्यामलाल यादव के नेतृत्व में जितेंद्र बहादुर यादव, इंजीनियर एसडी यादव, रविंद्र सिंह यादव, एवं भूमिका यादव आदि की महती भूमिका निभाई।

# तेलीबांधा तालाब के पानी में आक्सीजन की मात्रा कम, मछली सहित जलीय जीवों को खतरा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा तालाब का पानी अब दूषित हो चला है, इसमें आक्सीजन की मात्रा में कमी होने से मछलियों सहित अन्य तरह के जलीय वनस्पति व जीव-जंतु का जीवन खतरे में है। लोगों ने इसकी शिकायत निगम प्रशासन तक पहुंचाई। इसके बाद हरकत में आये निगम का स्वास्थ्य विभाग तालाब के पानी के ट्रीटमेंट कराने जुट गया है। पिछले दस दिनों से तालाब के पानी का ट्रीटमेंट कर आक्सीजन मात्रा बढ़ाने में अमला लगा हुआ है।

- पानी में ऑक्सीजन की मात्रा शीघ्र बढ़ाने 10 दिनों से ट्रीटमेंट
- जन शिकायत के बाद निगम प्रशासन हरकत में



नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित तेलीबांधा तालाब का पानी अब दूषित होने लगा है। अनुबंधित एजेंसी के कार्य की अवधि पूरी होने के बाद निगम प्रशासन ने अब तक नया टेंडर नहीं किया है। तालाब की देखरेख में कोताही होने से पानी में आक्सीजन की मात्रा कम हो गई है। पानी के दूषित होने को लेकर रहवासियों ने इसकी शिकायत निगम प्रशासन से की है। शिकायत के बाद जोन 3 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तालाब के पानी का ट्रीटमेंट कराना शुरू किया है।

शनिवार को नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणिग्रही, जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव की टीम ने तेलीबांधा तालाब के पानी में किये जा रहे ट्रीटमेंट कार्य का निरीक्षण किया।

तेलीबांधा तालाब के किनारे चूना एवं ब्लीचिंग पावडर की बोरियां रखवाई जा रही हैं, ताकि इसके शीघ्र तालाब के पानी में घुलने से तेलीबांधा तालाब के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ सके। इससे तालाब में मछलियों के जीवन सुरक्षित रहने के साथ ही पर्यावरण सुधार का कार्य भी हो सकेगा।

## चिटफंड कंपनियों के शिकार हुए कई गरीब लोगों की जमा पूंजी भी डूब गई

# चिटफंड कंपनियों में डूबे पैसों की वापसी का लाखों निवेशक 5 साल से कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में चिटफंड कंपनियों की ठगी का शिकार हुए लाखों लोग पिछले 5 साल से अपने डूबे पैसे वापस मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस इंतजार की अब इंतहा भी खत्म हो गई है, जिसके कारण लोग डूबे पैसे की वापसी की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। चिटफंड कंपनियों के शिकार हुए कई गरीब लोगों की ऐसी जमा पूंजी भी डूब गई है, जिसे जोड़ने में उन्हें कई साल लग गए थे। इसके कारण सैकड़ों परिवार अब तक आर्थिक रूप से उबर नहीं पाए हैं। वहीं कई परिवार में आर्थिक तंगी मौत का कारण भी बन चुकी है, जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं है। हरिभूमि ने ऐसे कई निवेशकों से बातचीत की, जिन्हें डूबे पैसे में अब तक कोई राशि नहीं मिली।



### प्रकरणों में 96 कंपनियों की संपत्ति होनी थी कुर्क, 66 प्रकरण में ही हो पाई

वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2023 की अवधि में प्रदेशभर में 286 प्रकरण बनाए गए हैं। इसके तहत 96 कंपनियों की संपत्ति का पता लगाया गया था, जिनकी कुर्की से 677 करोड़ 5 लाख 95 हजार 766 रुपये की वसूली की जानी थी। इसके एवज में 101 प्रकरणों में कुर्की का अंतिम आदेश ही जारी हो पाया है। हालांकि इसमें भी 68 प्रकरणों में ही संपत्ति को कुर्क किया जा सका है, जिसके बाद इन संपत्तियों की नीलामी से 98 करोड़ रुपये प्राप्त कर 44 करोड़ रुपए निवेशकों को लौटाए गए है।

### 54 करोड़ अब तक बांटा नहीं

संपत्तियों को कुर्क करने के बाद नीलामी से आए पैसों में अभी भी करीब 54 करोड़ रुपये बांटा जाना बाकी है। ये पैसे उन सभी जिला प्रशासन के खातों में जमा है, जहां चिटफंड कंपनियों की संपत्ति की नीलामी की गई है।

### 53 प्रकरणों में कुर्की के अंतिम आदेश लंबित

प्रदेश में संपत्ति के कुर्की के 53 प्रकरणों में अब तक अंतिम आदेश जारी नहीं हो पाया है। इसके कारण इन संपत्तियों को कुर्क कर नीलामी नहीं की गई है। इधर 286 में 132 प्रकरण न्यायालय में लंबित है, जिनमें फैसला आना बाकी है। इसके कारण इन संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई भी अटकी हुई है।

### 690 चिटफंड कंपनियों ने लाखों निवेशकों से अरबों की ठगी की

शासन से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्यभर में करीब 690 चिटफंड कंपनियों ने लाखों लोगों से एकमुश्त या मासिक किस्त में पैसा जमा करने पर दोगुना मिलने का झांसा देकर उनसे ठगी की है। ठगी की राशि अरबों रुपये में है। इस राशि के विरुद्ध प्रदेशभर में चिटफंड कंपनियों की संपत्ति बेचकर व राजीनामा से करीब 98 करोड़ रकम वसूल की गई। इसमें से करीब 44 करोड़ राशि 73 हजार से अधिक निवेशकों को लौटाया गया है। इधर ऐसे लाखों निवेशक हैं, जिन्हें डूबे पैसों में अभी तक कोई राशि मिल नहीं पाई है। इनमें से हजारों लोग राज्य के कई जिलों के कलेक्टोरेट और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

**केस 1**

गोबरानवापारा निवासी लक्ष्मी ने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन कर रही है। वर्ष 2011 में सुस्क इंडिया लिमिटेड चिटफंड कंपनी में उसने पॉलिसी ली थी। इसमें प्रति माह एक हजार रुपये प्रीमियम की दर से 30 हजार रुपये जमा किए थे। 5 साल में ब्याज सहित 51 हजार रुपये मिलना था। इस राशि के लिए उन्होंने वर्ष 2019 में आवेदन किया था, लेकिन अब तक कोई राशि उसे मिल नहीं पाई है।

**केस 2**

ग्राम नवागांव थाना राखी निवासी सुखवंतिन बाई ने बताया कि उसके पिता ने पीएसीएल इंडिया लिमिटेड चिटफंड कंपनी में वर्ष 2009 में 5 वर्ष के लिए पॉलीसी ली थी। 480 रुपये मासिक किस्त के जरिए उसके पिता ने 30 हजार रुपये कंपनी में जमा कराया था। इस पॉलीसी का नॉमिनी उसे बनाया गया है। पिता का निधन होने के बाद दस्तावेज के साथ उसने रकम वापसी के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन दिया है, लेकिन अब तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है।

**केस 3**

गोबरानवापारा निवासी आशाराम गिलहरे ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में सुस्क इंडिया चिटफंड कंपनी में पॉलिसी लेकर एकमुश्त में 10 हजार रुपये 10 वर्ष के लिए जमा कराया था। 11 वर्ष में ब्याज सहित 40 हजार रुपये उसे मिलना था, लेकिन कंपनी फरार हो गई, जिससे उसके डूबे पैसे वापसी के लिए आवेदन किया था। अब तक उसे कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। विदित हो कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व अपने घोषणापत्र में चिटफंड कंपनियों की ठगी के शिकार हुए लोगों को उनके डूबे पैसे वापस दिलाने का वादा किया था। इस वादे के तहत सरकार में आते ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी थी। इस दौरान कंपनियों के डायरेक्टरों की संपत्तियों का पता भी लगाया गया, जिसे कुर्की करने के बाद नीलामी कराकर उससे प्राप्त राशि को निवेशकों को लौटाया जाना था, लेकिन सरकार 5 साल में अपना यह वादा पूरा नहीं कर पाई, जिसके कारण अब तक लाखों निवेशकों को डूबे पैसे वापस मिल नहीं पाए हैं।

# छत्तीसगढ़ के चिकित्सा संस्थानों में एम्स से मिली सीरिंज का होगा उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के सोलह चिकित्सा संस्थानों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से मिली सीरिंज का उपयोग होगा। कोविडकाल में यूनिसेफ से मिली 12 लाख सीरिंज की खेप सीजीएमएससी को सौंपी गई। इसका उपयोग टीकाकरण सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

- सीजीएमएससी को सौंपी गई 12 लाख सीरिंज

एम्स को कोविड-19 के दौरान यूनिसेफ से बड़ी संख्या में सीरिंज प्राप्त हुई थी, जिसमें तीन मिली की सीरिंज भी शामिल थी। इसका उपयोग कोविड के रोगियों के लिए किया गया। शेष सीरिंज का एक भाग छत्तीसगढ़ के विभिन्न अस्पतालों को देने का निर्णय लिया गया है। यह सभी सीरिंज अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में टीकाकरण सहित विभिन्न प्रकार के उपचार में बड़ी संख्या में प्रयोग की जाती हैं। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से स्थानीय अस्पतालों की प्राथमिक आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। इसके प्रयोग से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रोगियों को गुणात्मक उपचार भी मिल सकेगा। सीजीएमएससीएल ने भी सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि इन्हें विभिन्न 16 चिकित्सा संस्थानों में प्रयोग किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ के अफसरों के साथ प्रधानमंत्री बुधवार को वर्चुअल चर्चा करेंगे

**रायपुर।** सिकलसेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के सिकलसेल मरीजों के अलावा अफसरों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। इसके लिए राज्य के अफसरों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आदिम जाति विकास विभाग के अफसरों के मुताबिक बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों के कलेक्टर, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

## इंदिरा सिंह के निधन पर रमन, भूपेश, महंत और बैज ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सरगुजा राज परिवार की इंदिरा सिंह (बेबीराज) के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पूण्य आत्मा को शांति प्रदान करे।



उनके निधन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्विट कर लिखा कि 'अभी बेहद दुखद सूचना प्राप्त हुई है। सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह का देहांत हो गया है। वो लंबे समय से गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। हम सब उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। इस दुःख की घड़ी में सिंहदेव परिवार के साथ हम सब हैं। यह हमारी पारिवारिक क्षति भी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अंबिकापुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं कहा कि हम सभी दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। रमन ने जताया दुख विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्विट कर दुख जताते हुए कहा, सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह के देहांत के समाचार से मन अत्यंत दुःखी है।

# एक कंपनी ने बढ़ाई सीमेंट की 20 रुपए कीमत, दूसरी कंपनियां भी बढ़ाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक बार फिर से बीते साल की तरफ मानसून में सभी सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। एक कंपनी ने तो 20 रुपए कीमत बढ़ा दी है, बाकी कंपनियां भी कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। वैसे नए साल में सीमेंट के दाम एक बार भी नहीं बढ़े हैं। अब कीमत में सभी कंपनियां 20 रुपए का इजाफा करने की तैयारी में हैं। कंपनियां कारोबारियों से कह रही है, 20 रुपए ज्यादा कीमत पर माल बेचें, हालांकि कारोबारी तैयार नहीं हो रहे हैं, क्योंकि डिमांड ही नहीं के बराबर है। अगर कीमत ज्यादा बताएंगे तो ग्राहक और कम हो जाएंगे। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां प्रदेश के कारोबारियों को कम माल दे रही हैं और बाहर के राज्यों में ज्यादा माल भेज रही हैं, क्योंकि बाहर के राज्यों में काम चल रहा है। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय सितंबर में जहां 35 रुपए कीमत बढ़ाई वहीं अगस्त के अंत में ही 20 रुपए कीमत बढ़ाई गई थी। दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इसके बाद कीमत कम होते-होते साल के अंत में कीमत बहुत कम हो गई और ब्रांडेड सीमेंट तक 300 से 305 रुपए तक हो गया।

## प्रदेश में सप्लाई कम, दूसरे राज्यों में जा रहा ज्यादा माल

### अभी बीते साल की ही कीमत

नए साल में सीमेंट की कीमत में एक बार भी इजाफा नहीं हुआ है। बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वालों का कहना है, इस समय डिमांड बहुत कम है। जिन कारोबारियों के यहां रोज का एक ट्रक तक माल बिक जाता था, उनके यहां मुश्किल से 50 से 60 बोरी ही बिक रहा है। इसी के साथ छोटे कारोबारियों के यहां तो कई-कई दिनों तक एक बोरी सीमेंट भी नहीं बिक रहा है। इस समय दाम बीते साल वाले ही हैं। लोकल सीमेंट जहां चिल्हर में 280 रुपए के अंदर है, वहीं ब्रांडेड कंपनियों का सीमेंट 300 से 305 रुपए में मिल रहा है।



### अब कीमत बढ़ाने की तैयारी

कारोबारियों का कहना मार्च क्लोजिंग होने के कारण सीमेंट कंपनियों का अपना बीते साल का कोटा पूरा हो गया। इसके बाद डिमांड न होने के कारण दो माह कीमत में इजाफा नहीं किया गया। लेकिन अब कंपनियां कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। कंपनियों का हर माह का अपना कोटा रहता है, कोटा पूरा करने के लिए आमतौर पर कीमत बढ़ाने की बात करके डीलरों को माल बेच दिया जाता है। इसके बाद कई बार कीमत बढ़ा देते है और कई बार कीमत में इजाफा नहीं भी किया जाता है।

कार्यक्रम : इम्यूनिटी पावर के लिए दे रहे आयुष काढ़ा

# रावन में पांच दिवसीय योग शिविर जारी 70 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह

संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जिला बलौदाबाजार आयुष विभाग द्वारा ग्राम रावन महामाया मंदिर चौक में निःशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन हो रहा। शिविर 21 जून तक चलेगा।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैंकरा ने जानकारी देते हुए बताई शिविर का व्यापक प्रचार प्रचार पाम्पलेट के माध्यम से और योग जागरण रैली निकाल व मुनादी कर किया गया। स्थानीय रावन में रविवार को योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के द्वारा योग प्राणायाम की जानकारी दी गई। इस दौरान तीस से अधिक स्व सहायता समूह के 70 से अधिक महिलाएं मौजूद थी। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सक अधिकारी नम्रता सिंघनिया , फार्मासिस्ट देवलाल चेलक,औषधालय सेवक राम गोपाल वर्मा, योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा और चंचल वर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योग का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। इम्यूनिटी पावर के लिए आयुष काढ़ा पिलाया जाएगा। 'दसवां विश्व योग दिवस शुक्रवार को इस वर्ष का 'थीम "महिला सशक्तिकरण के लिए योग"' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग महिलाओं को सशक्त बनाने का एक व्यापक साधन है, जिसमें उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक भलाई शामिल है। योग महोत्सव 2024 का उद्देश्य योग को एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के कल्याण और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देना है। महिलाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न स्थितियों जैसे कमर दर्द ,अनिद्रा,अवसाद,सिर दर्द,तनाव प्रबंधन आदि पर अध्ययनों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है, ताकि महिलाओं की उम्र या स्थिति के बावजूद उनके स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया जा सके और साक्ष्य–आधारित शोध के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। योग महिलाओं को सशक्त बनाने का एक व्यापक साधन है, जिसमें उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक भलाई शामिल है। सशक्त महिलाएं समाज में समावेशिता, विविधता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए बदलाव के लिए नेता, शिक्षक और अधिवक्ता के रूप में भूमिका निभाती हैं।





# सड़कों पर दुर्घटना का शिकार हो रहे गौवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ छोटे- बड़े दोनों वाहनों से जा रही जान

क्षेत्र की सड़कों में गौवंशों की मौत लगातार हो रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा गांव- गांव में गोठान तो बना दिया गया पर कभी वहां एक भी गाय दिखाई नही दी। जहां गायों को रखा गया वहा भूख प्यास से अनेकों गोवंश मर गए। स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है । भाजपा के आने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि सनातन धर्म पर आस्था रखने वाली सरकार गौ माताओं के लिए निश्चित ही कोई सार्थक प्रयास करेंगे। लेकिन छह माह बाद भी कामधेनुओं का हाल वही है। गौमाताओं के लिए कोई जगह नहीं है। सड़कों पर ही जिंदगी गुजारने मजबूर है । गौ माताएं ठंड हो, गर्मी या बरसात हो रात दिन भूखे प्यासे सड़को में ही पड़ी रहतीं हैं। सड़कों पर चलने वाले बड़े- बड़े वाहनों की चपेट में आकर अपने प्राण दे देती हैं। वही कई बार इन गौमाताओं को छोटी गाड़ी वाले देख नहीं पाते और अंधेरे में टकराकर कई आम लोग भी दुर्घटना के शिकार हो जाते है। गत शनिवार की रात बड़ी गाड़ी की चपेट में आकर कसडोल छांछी के बीच तीन गायों की मौत हो गई। इसी तरह आए दिन घटना दुर्घटना होते ही रहती है। इस क्षेत्र लोगों को भाजपा सरकार से पूर्ण आशा है कि गोवंशों के लिए कोई सार्थक प्रयास करेगी, जिससे उनकी अकाल मौत न हो और लोग दुर्घटना ग्रस्त होने से बच जाए ।

## पेज 9 के शेष

### माहेश्वरी समाज ने...

दिलीप भट्टर, नरेश भट्टर प्रदीप महेश्वरी, सचिव दिलीप माहेश्वरी, आदित्य भट्टर, पवन माहेश्वरी तथा माहेश्वरी महिला संगठन से मीना नत्थानी, गार्गी माहेश्वरी, विमला भट्टर, सोमा भट्टर, श्यामा भट्टर, श्वेता व रानू माहेश्वरी, प्राची नत्थानी, पायल, पूनम, राधा भट्टर सहित समाज के लोगा शामिल थे।

### बाइक से चार ...

है। प्रकरण में थाना गिधौरी में 20 बी एनडीपीएस के तहत अपराध क्र.119 पंजीबध्द कर आरोपी सूरज कुमार साहू को विधिवत्त गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# अजीत बने बीमा सलाहकार संगठन के अध्यक्ष

रायपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर मंडल के मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों के वेलफेयर संगठन का विगत दिनों राजधानी रायपुर स्थित एक होटल में शनिवार को एकता यात्रा एवं भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रायपुर डिवीजन के उत्कृष्ट मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत साहू बालोद को बनाया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल राजनांदगाव व गजानंद वर्मा, सचिव विजय साहू भिलाई, कोषाध्यक्ष ऋषि निर्मलकर अभनपुर, उपकोषाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू धमतरी, सयुंक्त सचिव शेखर साहू रायपुर व पूर्णिमा साहू राजनादगांव चुने गए। ट्रेंड द ट्रेनर रायपुर डिवीजन के चेयरमैन पद पर किशोर कराडे चुने गए।



## नीट की परीक्षा रद्द कर फिर से कराई जाये : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नीट परीक्षा कांड के बारे में भाजपा नेताओं की बोलती क्यों बंद है? छत्तीसगढ़ पीएससी में भाजपा के बिना तथ्य गड़बड़ी के आरोप पर सीबीआई जांच कराने की घोषणा की गई। नीट परीक्षा की सीबीआई जांच क्यों नहीं करवाई जा रही है? भाजपा की मोदी सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण देश के 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भरोसा नीट से उठ गया है।




# सुहेला सोसायटी में धान बीज खत्म, किसान ज्यादा दाम में खरीदने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

धान बोने का समय आ गया है। बिजहा धान के लिए ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुहेला पंजीयन क्रमांक 352 में किसान चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं। सोसायटी में धान बीज खत्म हो गया है। किसान मजबूरीवश महंगे दामों में निजी दुकानों से बिजहा धान खरीद रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय अनमोल है। मानसून दस्तक दे चुका है। बोवाई करना भी जरूरी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्रता से बिजहा धान उपलब्ध कराया जाए।

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुहेला पंजीयन क्रमांक 352 के प्रबंधक शिव ने पर बताया कि टोटल 800 बैग आया था। 400 बैग महामाया और 400 बैग सरना था। सब निकल गया है। किसान को अभी जरूरत तो है रायपुर बीज निगम से दोबारा नहीं आया है। बताया जा रहा है कि कई किसान प्राइवेट दुकान से ले लिए हैं।

ब्रांच के माध्यम से ग्राम सेवक के माध्यम से बीज निगम को डिमांड दे चुके हैं, कोई रिप्लाई नहीं आया है। 300 कट्टा सरना और 100 कट्टा महामाया का मांग किए हैं।

बीज आएगा तो देंगे। कब तक आएगा नही बता सकते प्रयास बहुत किए हैं व्हाट्सएप, फोन माध्यम से पर नहीं हुआ है। बीज निगम जोरा को फोन करने पर 2 से 3 दिन में भेजता हूं, बस बोलते हैं, भेजते नहीं है।

### बीज निगम जोरा में धान बीज खत्म

बीज निगम जोरा रायपुर के गोदाम कीपर संतोष सिंबोर ने फोन पर बताया कि महामाया मिल सकता है। लिस्ट आई है देख लूंगा हमारा गोदाम खाली हो गया है। हम भी दूसरे के भरोसे हो गए हैं। प्राइवेट समिति जो स्टेट की हैं, उनको कुछ कुछ ऑर्डर हुए हैं। कई लोग देने में समर्थ हैं तो कई लोग असमर्थ है इस प्रकार की प्रक्रिया आ रही है। गोदाम में एक्चुअल में माल हो गया है।इसलिए समय पर भंडारण नहीं हो पा रहा है। महामाया लगेगा तो देख लेता हूं आज की स्थिति में हमारे पास सफेद स्वर्णा है, एक हजार दस तीन वेराइटी उपलब्ध है। गोदाम में लाल वाला स्वर्णा जो क्षेत्र में चलता है वह हो गया है खत्म दूसरे पर निर्भर हो चुके है।

### किसान भटक रहे इधर-उधर



### उपलब्धता कम

जानकारी के अनुसार मुख्य कारण उपलब्धता कम है। बीज निगम के पास आल ओवर स्टेट में 2 लाख क्विंटल की उपलब्धता कम थी। बताया जा रहा है उसके बावजूद भी हमने मांग के अनुसार 80 प्रतिशत सप्लाई कर चुके हैं। महामाया, स्वर्णा सब 1, एक हजार दस की आवश्यकता हो तो सोमवार तक भिजवा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया गंगा दशहरा का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा की महिलाओं ने गंगा दशहरा पर्व पर तालाब में मां गंगा की पूजा अर्चना की। इसमें उतरा, अरुण, सुहातनी, देवकी, माधुरी, सरोज, ममता, दुर्गा, मोनिका, टीना, प्रियंका ने कहा कि हिंदू धर्म में मां गंगा को मोक्षदायिनी के नाम से जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति मां गंगा में स्नान करता है, उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। बता दें कि धर्म शास्त्रों में यह बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। मान्यता है कि इस विशेष दिन पर मां गंगा की उपासना करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। और जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती है। इस साल मां गंगा दशहरा 16 जून को मनाया गया।

### अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन आज

महासमुंद। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन, बाल सभा, भूमिपूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 17 जून को शंकराचार्य भवन महासमुंद में किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल, नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, अघरिया समाज केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, होरीलाल पटेल होंगे।

### देवांगन समाज का करियर गाइडेंस, विद्यारंभ संस्कार आज

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज द्वारा करियर गाइडेंस, विद्यारंभ संस्कार एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम 17 जून को देवांगन धर्मशाला में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मोटिवेशनल स्पीकर आशीष देवांगन संयुक्त कलेक्टर, व्यंकटेश देवांगन, चेतन देवांगन होंगे। गायत्री परिवार द्वारा पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों को वैदिक पद्धति से विद्यारंभ संस्कार कराया जायेगा। पुरानी पुस्तकों का संग्रहण कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरण किया जायेगा।

### वेदमाता गायत्री जयंती महोत्सव आज

**धमतरी।** वेदमाता गायत्री जयंती समारोह किले के श्री हनुमान मंदिर गायत्री संस्कृत पाठशाला इतवारी बाजार धमतरी में आज सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया है। गायत्री माता की विशेष पूजा आराधना, सहस्त्र पाठ वैदिक विद्वानों के सानिध्य में होगा। आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने बताया कि हनुमान प्रसाद ब्रम्हचारी ने गायत्री संस्कृत पाठशाला की स्थापना 1950 में की थी।

## हादसा : ट्रक को ओवरटेक करने की चक्कर में गई जान

# बाइक ट्रक की चपेट में आई, एक युवक की मौत, दूसरा हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी से बिलाईगढ़ भटगांव मुख्य मार्ग ग्राम घटमडवा एवं कुम्हारी के बीच शीत बाबा के पास में रविवार दोपहर 3 बजे के आसपास ट्रक को बाइक चालक ओवरटेक कर रहा था। उसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। एक अन्य सवार को गंभीर चोटें आईं हैं। दूसरे युवक के दोनों पैर बुरी तरह कुचला गए हैं। दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं हैं।

जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के ग्राम रखाली बम्हनीडीह निवासी संतोष पिता गौरीशंकर यादव 37 वर्ष एवं साथी युवक राजु धीवर पिता दिनेश धीवर 25 वर्ष अपनी काले कलर एच एफ डीलक्स बाइक क्रमांक सी जी 11ए क्यूँ 6165 से अपनी दीदी के यहां साड़ी पहुंचाने गया हुआ। वापसी में शिवरीनारायण गिधौरी किसी काम आया हुआ था। उसके बाद गिधौरी होते हुए भटगांव तरफ से अपने गांव लखाली बम्हनीडीह जाने के निकले हुए थे। उसी समय ट्रक क्रमांक ओडी 17पी9586 के चालक प्रेमचंद छत्तर पिता कुबेर छत्तर 32 वर्ष ग्राम नोवापली पोस्ट चडेगांव थाना भटली जिला बयगढ निवासी बलौदाबाजार से श्री सीमेंट भरकर ओडिशा जा रहा था। घटमडवा और कुम्हारी के बीच शीत बाबा मंदिर के पास बाइक सवार युवकों ने ट्रक को ओवरटेक करने लगा। ओवरटेक करने के दौरान बाइक ट्रक की चपेट आ गया। हादसे में राजू धीवर पिता दिनेश धीवर 25 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।





### घायल बिलासपुर किया गया रिफर

हादसे में घायल संतोष को आननफानन में कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायल की स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर किया गया है, जहां स्वास्तिक हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रुप से घायल संतोष यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। गिधौरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक एवं चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच में गिधौरी पुलिस जुटी हुई है।

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए निकाली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

लोगों में दिन प्रतिदिन धर्म के प्रति श्रद्धा उमड़ रही है। आज सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर भटगांव में स्व. श्री परदेशी लाल देवांगन की स्मृति में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के लिए भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलश यात्र देवांगन परिवार के निज निवास से होते हुए बस स्टैंड , गायत्री मंदिर , साईं मंदिर नया हटरी में बड़े तालाब पहुंच कर कलश में जलभर कर कथा स्थल देवांगन धर्मशाल पहुंचे। कथा 16 जून से प्रारंभ हो कर 23 जून तक चलेगी।

कथा व्यास श्री बाल ब्रह्मचारी ज्योतिषाचार्य अमन दत्त महराज मूलपीठ श्रीधाम वृंदावन है। कथा समय अपरान्ह तीन बजे से हरि इच्छा तक आयोजित है।

# बंगोली में मना कबीर प्राकट्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

नगर में रविवार को पंथ श्री गुरु बालापीर घासीदास साहेब समाधि धाम बंगोली में निशान पूजा, समाधि पूजा पश्चात कलश प्रज्वलित कर गुरु महिमा पाठ और बरसाईत पूनो पाठ किया गया।

तत्पश्चात आमीन माता महिलाओं ने कबीर के भजन गाये। भजन गायन में प्रतिभा, संगीता, ललिता, वंदना, श्वेता, स्वस्तिका,तूलिका, वर्तिका, निर्मला, सरस्वती के कोकिल स्वर ने मुख्य तौर पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। कोटा से आए शेखर त्रिवेदी ने तू प्यार का सागर है गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर महंत रामदास, नरोत्तम दास, नीलकंठ दास, ओम प्रकाश दास ने कबीर के समाज सुधार, समानता, मिलजुलकर भाईचारा के संदेशों को आज के दौर में न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में फैलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के व्यवस्था और सफल करने में धर्मेंद्र बैरागी, आदित्य और संदीप ने पूरी ताकत झोंक दिया। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया।




# मारपीट करने वाले तीन युवक गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

युवक से गालीगलौज व मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को एसडीएम ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी अजय देवांगन पिता मनोज देवांगन उम्र 21 वर्ष साकिन शीतला पारा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जून की रात्रि 10 बजे उसके दोस्त वेदांस देवांगन ने फोन कर घुमने के लिये बुलाया तो वह जय स्तंभ चौक सिमगा के पास पहुंचा था। रात्रि सिमगा के अमन मुसलमान तौफिक अली फारूक मुसलमान द्वारा वेदांस से गाली गलौज झगड़ा मारपीट कर रहे थे। उसी वक्त प्रार्थी बीच बचाव करने गया जिसके साथ भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। जिससे प्रार्थी के दाहिने आंख के उपर नाक एवं गाल में चोट आई। मारपीट करने वाले तीनों लड़के घटना स्थल से भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी जन के मन में काफी आक्रोश होने से कोई अप्रिय घटना न घटे, जिसके चलते पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में आरोपियों को पेश किया गया। एसडीएम सिमगा ने आरोपियों को जेल भेज दिया ।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम खरोरा में एक बाइक चालक ने दूसरी बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे एक युवक घायल हो गया। पुलिस को उकेश कुमार साहू पिता बुधारूराम साहू (38 साल) निवासी बरोंडाबाजार ने पुलिस को बताया कि एनएच 353 शहीद स्मारक के पास खरोरा में आरोपी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएस 3573 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके बाइक सीजी 04, केजेड 3376 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# अध्ययन यात्रा में जिले के चार स्काउट ट्रेनर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पांच दिवसीय अध्ययन यात्रा में जिले के चार स्काउट ट्रेनर शामिल हुए। इन लोगों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट टीके एस परिहार, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती सरिता पांडे, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सी एल चंद्राकर के मार्गदर्शन में छग के ट्रेनर्स का 5 दिवसीय राज्य स्तरीय बनारस – अयोध्या प्रशिक्षण अध्ययन यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय एकता व स्वच्छता थीम को लेकर किया गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला से ट्रेनर शंकर लाल साहू, पूनम सिंह साहू, दीपक कुमार पांडेय एवं समयलाल काठे ने भाग लिया। जिसमें प्रथम दिवस रतनपुर में महामाया देवी का दर्शन पश्चात वाराणसी पहुँचकर विश्वनाथ महादेव, अन्नपूर्णा देवी मंदिर, काल भैरव, संकट मोचन, हनुमान मंदिर, त्रिदेव मंदिर एवं मां दुर्गा का दर्शन कर गंगा नदी के तट पर गंगा आरती में सभी ट्रेनर्स सम्मिलित हुए। तीसरे दिन प्रातः समय गंगा नदी के दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमे बनारस के स्काउट पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला। इस अभियान की सभी तीर्थयात्रियों ने प्रशंसा की। इसके बाद नौकायन कर गंगा स्नान किया गया ।तत्पश्चात सभी स्काउट एवं गाइड्स प्रशिक्षण हाल में एकत्रित होकर माइक्रो टीचिंग राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय स्तर के कवि डॉ मन्नू यादव एवं श्री पाठक की विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस दौरान पूनम सिंह साहू एवं जगदीश साहू द्वारा अपनी लिखित पुस्तक राज्य मुख्य आयुक्त को भेंट किया गया। चौथे दिवस अयोध्या में श्री राम लला का दर्शन पश्चात हनुमानगढ़ी में भक्त हनुमान जी का दर्शन किये।तत्पश्चात दूसरे दिवस प्रातः काल सरयू नदी में स्नान कर नौकायान का आनंद लिया गया। वापसी दौरान विंध्यवासिनी देवी का दर्शन कर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सीमा साहू ,मृत्युंजय शुक्ला आदि का सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण अध्ययन यात्रा हेतु जिला शिक्षाधिकारी एस एन भगत, सोमा ठाकुर, जिला मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक, जिला संगठन आयुक्त स्काउट लिंगराज पटेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड कल्पना भोई, जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक, भागवत प्रसाद साहू, तीनों विकासखंड के सचिव राजाराम साहू, देव देवांगन, ओम प्रकाश चौहान के साथ ही स्काउटर और गाइडर रूखमन सिंह सरदार, कमलेश साहू आदि ने शुभकामनाएं दी।

■ पांच दिनों तक विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग



# किसानों को खेती के लिए केसीसी ऋण देकर सरकार कर रही मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसींवां

किसानों के खेती का मौसम आ गया है। किसानों को खेती के लिए केसीसी ऋण देकर सरकार मदद कर रही है। इस समय किसान क्रेडिट कार्ड किसानो को अपनी फसलोत्पादन के लिए समय पर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने तथा उधारदाताओं जैसे साहूकारों द्वारा वसूल की जाने वाली उच्च–ब्याज दरों से बचाना है।

इसके अतिरिक्त इससे किसान अपने आकस्मिक खर्चों एवं अन्य कृषि आनुषंगिक क्रियाओं हेतु आसानी से राशि की व्यवस्था कर सकता है। जिन किसानों ने पूर्व में केसीसी नहीं लिया है उन्हें और जिन्होंने पूर्व में केसीसी का ऋण चुका चुके हैं उन सभी किसानों को केसीसी का लाभ आवेदन करने पर मिलेगा।

केसीसी के द्वारा किसान 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 3 लाख रुपए तक का ऋण ले सकता है जिस पर छूट भी लागू होगा। 3 लाख रुपये से अधिक के ऋण पर ब्याज दर समयानुसार देय होगा। केसीसी सीमा 3 लाख रुपएके भीतर कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं लिया जाता है। ऋण चुकाने का समय किसान के फसल अवधि तथा उत्पाद की बिक्री के आधार पर निर्धारित किया जाता है। यदि किसान 3 लाख रुपयें तक के ऋण का समय पर पुनर्भुगतान करता है, तो 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर छूट का लाभ भी ले सकता है। केसीसी का कार्यकाल 5 वर्षोंर् का होता है, जिसमें प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की ऋण सीमा में वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराने की सुविधा मिलती है। साथ ही साथ केसीसी धारक किसानों को स्थायी विकलांगता और मृत्यु पर तथा अन्य जोखिमों पर बीमा आवरण भी प्रदान किया जाता है।

### किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 8 आवश्यक दस्तावेज

किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते समय आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे आवेदन पत्र, पासपोर्ट साइज 2 फोटो, परिचय पत्र जैसे ड्राइविंग लाईसेंसध्आधार कार्डध्वोटर आई.डी. कार्डध्पासपोर्ट में से कोई भी एक,एड्रेस प्रूफ जैसे ड्राइविंग लाइसेंस आधार कार्ड, बी–1, खसरा पांचसालाफसलों का विवरण तथा क्षेत्रफल, सुरक्षा दस्तावेज ऋण सीमा 1.60 लाख से अधिक 3 लाख जो भी लागू हो, 8 अन्य दस्तावेज बैंक के आंतरिक दिशानिर्देशों के अनुसार। एक बार राशि स्वीकृत होने के बाद, उपयोगकर्ता को बैंक का किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जाता है। कार्डधारक 3 लाख रुपए तक की ऋण सीमा पर 1.80 लाख रुपए नकद के रुप में तथा 1.20 लाख रूपए वस्तु खाद के रुप में ऋण प्राप्त कर सकता है। वह प्राथमिक सहकारी समितियों से अपनी फसल के लिए ऋण पर खाद की खरीदी कर सकता है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के भू–स्वामी किसान जो किसान क्रेडिट कार्ड बनाने से वंचित या छूट गए हैं। वे किसान अपने नजदीकी सहकारी समिति, अपैक्स बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं अन्य संबंधित बैंकों से संपर्क कर केसीसी का लाभ ले सकते हैं।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि पवनी आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - रूपेश श्रीवास
बस स्टैण्ड पवनी बिलाईगढ़ (छ.ग.)
मो. 94252 48055, 96696 29342

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107